# नव भारत

1934 से | इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण




6 डिजिटल इंडिया का गौरवशाली दशक



5 भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी में नई उड़ान



8 रोहित और हरमनप्रीत की लिस्ट में शामिल हुईं स्मृति मंधाना



7 भारत का फार्मा निर्यात 7.38 प्रतिशत बढ़ा

# सब को साथ लेकर चलेंगे : हेमंत

## प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल बोले -दाएं-बाएं चलने वालों को होगी दिक्कत

- वीडी शर्मा ने खंडेलवाल को सौंपा पार्टी का झंडा
- पद संभालते ही कांग्रेस को टारगेट में लिया

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 जुलाई. भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष और मौजूदा विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को 18वें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया. वीडी शर्मा ने पार्टी का झंडा खंडेलवाल को सौंपा. इसी के साथ अब वीडी शर्मा का बतौर अध्यक्ष कार्यकाल भी समाप्त हो गया. विधिवत तरीके से प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद उन्होंने अपने भाषण में कांग्रेस को टारगेट पर लिया और चुनौती देते हुए कहा कि जैसा चुनाव हमारे यहां होता है, कांग्रेस वार्ड का ही चुनाव करा ले तो हम उनका सम्मान करेंगे.**

इससे पहले सबेरे 11 बजे से प्रदेश भाजपा कार्यालय में बड़ी बैठक हुई, जिसमें केंद्रीय मंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिये चुनाव प्रभारी बनाये गये धर्मेन्द्र प्रधान ने सभी को हेमंत खंडेलवाल के विधिवत निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की और उन्हें निर्वाचित होने का प्रमाण-पत्र सौंपा. उसके बाद उन्होंने फूलों का माला पहनाकर नये प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया. उसके बाद नये अध्यक्ष को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया जो कि देर तक चलते रहा. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, निवर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा सहित अन्य दिग्गज नेता मौजूद थे.

निर्वाचित होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने साफ संदेश दिया कि वे सरकार के साथ कदमताल करने के साथ ही सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में संगठन की ओर से पूरी जिम्मेदारी निभाएंगे. उन्होंने ये भी बता दिया वे कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं रखेंगे. कार्यकर्ताओं को उनकी क्षमता के हिसाब से काम मिलेगा. हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम जनता की भावना के मुताबिक आचरण करें, जो अच्छा काम करेगा उसका सम्मान होगा, जो दाएं-बाएं करेगा उसे दिक्कत होगी. पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है.

( पेज 12 पर शेष )



### सीएम डॉ. मोहन यादव ने दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में कहा, करोड़ों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के फलस्वरूप भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन चुका है. इन्हीं समर्पित कार्यकर्ताओं में से एक, कुशल संगठनकर्ता एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल जी को मध्यप्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं.

# ओला, उबर, रेपिडो को दोगुना किराया वसूलने की अनुमति

- कैब सेवाओं को व्यस्त समय में अतिरिक्त राशि के निर्देश
- राज्य सरकारें अपने नियम बना सकती हैं अलग



**नयी दिल्ली, 02 जुलाई. सरकार ने ओला, उबर, रैपिडो जैसी सभी कैब सेवाओं को व्यस्त समय में दोगुना किराया वसूलने की अनुमति दी है. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2025 के लिए एक जुलाई को जारी मोटर वाहन एग्रिगेटर दिशा निर्देशिका में इस आशय की अनुमति प्रदान की है. राज्य सरकारें इसके आधार पर अपने नियम अलग बना सकती हैं और इसके लिए उन्हें तीन महीने का समय दिया गया है.**

नये दिशा-निर्देशों के अनुसार, एग्रीगेटर्स को गैर-व्यस्त समय के दौरान बेस किराया से कम से कम 50 प्रतिशत कम चार्ज करना आवश्यक है. इन दिशा निर्देशों के अनुसार अब ये कैब एग्रीगेटर्स पीक टाइम में बेस किराया का दोगुना तक किराया वसूल सकते हैं, जबकि पहले ये सीमा 1.5 गुना तक थी. दिशा-निर्देशों में आगे कहा गया है कि मोटर वाहनों की संबंधित श्रेणी या वर्ग के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किराया एग्रीगेटर से सेवाएं लेने वाले यात्रियों से लिया जाने वाला बेस किराया होगा.

कैब सेवा के लिए नये दिशा निर्देशों में व्यस्त समय में कैब किराया दोगुना तक लेने के साथ ही उन्हें गैर व्यस्त समय में किराया कम करने का भी निर्देश है. दिशा निर्देश के अनुसार बेस किराया कम से कम तीन किलोमीटर का हो सकता है. बिना ठोस कारण राइड कैंसल करने पर ड्राइवर पर जुर्माना लगेगा और ये जुर्माना किराए के 10 फीसदी तक हो सकता है. इसी तरह से यात्रियों पर भी बिना वजह राइड कैंसल करने पर जुर्माना लगेगा और ड्राइवर को कम से कम पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा.

## एक नजर में



### आई लव यू कहना यौन उत्पीड़न नहीं : हाईकोर्ट

नई दिल्ली. बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि आई लव यू कहना मात्र भावना की अभिव्यक्ति है, इसे यौन इरादे से नहीं जोड़ा जा सकता, जब तक इसके पीछे कोई और स्पष्ट यौन मंशा न हो. यह टिप्पणी न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के ने 2015 के एक मामले की सुनवाई के दौरान दी, जिसमें एक 17 वर्षीय किशोरी ने एक 35 वर्षीय व्यक्ति पर आरोप लगाया था कि उसने उसका हाथ पकड़कर नाम पूछा और आई लव यू कहा. इस पर किशोरी ने अपने पिता को सूचना दी और एफआईआर दर्ज करवाई. 2017 में सत्र न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता और पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत तीन साल की सजा सुनाई थी.

### पद्म पुरस्कार की अंतिम तारीख 31 जुलाई

नयी दिल्ली. गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और इसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है. पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में गिने जाते हैं, जो कला, साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, खेल, समाज सेवा, उद्योग और लोक कार्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं. सरकार ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे योग्य व्यक्तियों को नामांकित करें, चाहे वे स्वयं हों या कोई और. महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति, दिव्यांगजन और समाज के वंचित वर्गों से जुड़े निस्वार्थ सेवा करने वाले व्यक्तियों को प्राथमिकता देने की बात कही गई है.

### लामा के उत्तराधिकारी पर चीन का बयान

धर्मशाला/बीजिंग. तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा द्वारा उत्तराधिकारी की घोषणा के बाद चीन ने स्पष्ट किया है कि उत्तराधिकारी को उसकी मंजूरी लेनी होगी और उसे चीनी कानूनों का पालन करना होगा. बुधवार को दलाई लामा ने कहा था कि उनकी मृत्यु के बाद एक उत्तराधिकारी नियुक्त किया जाएगा, ताकि 600 साल पुरानी परंपरा जारी रह सके. इसके जवाब में चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि पुनर्जन्म की प्रक्रिया पारंपरिक सोने की कलश पद्धति से होनी चाहिए और अंतिम स्वीकृति केंद्र सरकार से जरूरी होगी. उन्होंने कहा कि धार्मिक मामलों में चीन के नियमों और परंपराओं का पालन जरूरी है. गौरतलब है कि चीन दलाई लामा को अलगाववादी मानता है, जबकि वे खुद को एक साधारण बौद्ध भिक्षु बताते हैं.

## गुस्ताखी माफ




# कोविड वैक्सीन सुरक्षित

## हार्ट अटैक मौतों से नहीं कोई संबंध : स्वास्थ्य मंत्रालय

**नयी दिल्ली, 02 जुलाई. स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कोविड-19 टीकाकरण और युवाओं में अचानक दिल के दौरे से हुई मौतों के बीच कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है. एम्स और आईसीएमआर द्वारा किए गए संयुक्त अध्ययनों के आधार पर मंत्रालय ने यह बयान जारी किया है.**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने हाल ही में हासन जिले में हुई अचानक मौतों के लिए कोविड वैक्सीन को संभावित कारण बताया था. इसके जवाब में मंत्रालय ने कहा कि यह दावा तथ्यों पर आधारित नहीं है. मंत्रालय के अनुसार, 18-45 वर्ष की उम्र के लोगों पर किए गए अध्ययन में यह सिद्ध हुआ है कि कोविड टीका से अचानक मौत का जोखिम नहीं बढ़ता.

अध्ययन में सामने आया कि इन मौतों के पीछे आनुवंशिक प्रवृत्ति, जीवनशैली और पहले से मौजूद बीमारियां मुख्य कारण हो सकते हैं. मंत्रालय ने चेतावनी दी कि बिना प्रमाण के दिए गए बयान वैक्सीन के प्रति लोगों के विश्वास को कम कर सकते हैं, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है. सरकार ने हासन की घटनाओं की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित कर 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है.

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को 6 महीने की सजा

**ढाका.** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग की नेता शेख हसीना को अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण की अदालत की अवमानना के मामले में छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई है. यह सजा ढाका में न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा मोजुमदार की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने सुनाई. स्थानीय अखबार ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यह सजा शेख हसीना को पद छोड़ने और देश छोड़ने के 11 महीने बाद मिली है. अदालत ने इसी मामले में गैबांधा जिले के गोविंदगंज निवासी शकील अकंद बुलबुल को भी दो महीने की जेल की सजा सुनाई है.

# ईडी ने बताए करोड़ों के 'कागजी सौदे'

- नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल पर आरोप
- एजेएल को फर्जी किराया और विज्ञापन भुगतान किया



**नयी दिल्ली, 02 जुलाई. नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दिल्ली की अदालत में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. ईडी के अनुसार, एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़े कई लेन-देन केवल कागजों तक सीमित थे और इनका कोई वास्तविक आर्थिक आधार नहीं था.**

ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल वी. राजू ने अदालत में दावा किया कि कांग्रेस नेताओं के निर्देश पर एजेएल को फर्जी किराया और विज्ञापन भुगतान किया गया. उन्होंने बताया कि किराए की रसीदें और भुगतान केवल दिखावे के लिए थे. इसके अलावा, शेयर ट्रांसफर को भी ईडी ने फर्जी करार देते हुए बताया कि सुमन दुबे ने सोनिया गांधी को और ऑस्कर फर्नांडीस ने राहुल गांधी को शेयर हस्तांतरित किए, जिन्हें बाद में वापस कर दिया गया. ईडी ने सोनिया गांधी को आरोपी नंबर-1 और राहुल गांधी को आरोपी नंबर-2 नामित किया है. यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के जरिए 2000 करोड़ रुपये की एजेएल संपत्तियों पर कब्जे की साजिश का आरोप है.

# चुनाव आयोग का सभी दलों के लिए फैसला

**नयी दिल्ली, 02 जुलाई.** चुनाव आयोग ने बुधवार को स्पष्ट किया कि वह राजनीतिक दलों की ओर से केवल उन्हीं व्यक्तियों की चिट्ठी-पत्री पर गौर करेगा, जिन्हें दल के प्रमुखों द्वारा आयोग से संवाद के लिए विधिवत अधिकृत किया गया हो. बुधवार को आयोग ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को आमंत्रण भेजा था, लेकिन पार्टी की ओर से बैठक की कोई पुष्टि नहीं मिली. आयोग ने बताया कि केवल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लिबरेशन के महासचिव ने ही बैठक में शामिल होने की पुष्टि की है.

# चार महाद्वीपों में फैले ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़

- एनसीबी की सबसे बड़ी कार्रवाई, आठ गिरफ्तार
- 10 से अधिक देशों में गिरोह का नेटवर्क



**नयी दिल्ली, 2 जुलाई. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले एक ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. यह गिरोह चार महाद्वीपों और 10 से अधिक देशों में फैला हुआ था और एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म, ड्रॉप शिपिंग मॉडल और क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल कर अवैध दवाओं की तस्करी करता था. गिरोह का खुलासा दिल्ली में वाहन जांच के दौरान हुआ.**


गृह मंत्रालय ने बताया कि 25 मई को मंडी हाउस के पास एक कार से 3.7 किलोग्राम ट्रामाडोल टैबलेट बरामद किए गए, जिसके बाद नोएडा के दो फार्मा स्नातकों को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में एक ऑनलाइन फार्मा प्लेटफॉर्म से अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में दवाएं भेजने की बात सामने आई. आगे की जांच में रुड़की, दिल्ली के मयूर विहार और कर्नाटक के उडुपी में सहयोगियों को पकड़ा गया. उडुपी से 50 अंतरराष्ट्रीय खेपों का डेटा सामने आया, जिसे इंटरपोल और अमेरिकी डीईए के साथ साझा किया गया. इसके बाद अमेरिका के अलबामा में जोएल हॉल नामक एक प्रमुख री-शिपर को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 17,000 टैबलेट और कई क्रिप्टो वॉलेट मिले. साथ ही, एक भारतीय-अमेरिकी मनी लॉन्डरर के खिलाफ अभियोग दर्ज हुआ. ऑस्ट्रेलिया में गिरोह से जुड़ी एक गुप्त गोली निर्माण इकाई भी ध्वस्त की गई है.

### शाह ने दी बधाई

शाह ने प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा एनसीबी और अन्य एजेंसियों को ग्लोबल ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करने पर बधाई. उन्होंने कहा कि जांच ने मल्टीएजेंसी समन्वय का एक शानदार उदाहरण पेश किया है जिसके परिणामस्वरूप आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया और 5 खेप जब्त की गयी. चार महाद्वीपों और 10 से अधिक देशों में संचालित गिरोह के खिलाफ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में कार्रवाई हुई है.

# कैट्ज़ ने हूती मिसाइल हमले का जवाब देने की खाई कसम

**यरूशलम 02 जुलाई.** इज़रायल के रक्षा मंत्री इज़राइल कैट्ज़ ने बुधवार को यमन की हूती सेना के खिलाफ़ जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई. यमन से दागी गई मिसाइल को हालांकि इज़रायल ने रोक दिया. कैट्ज़ ने एक बयान में कहा, यमन के साथ तेहरान जैसा व्यवहार किया जाएगा. जो कोई भी इज़रायल के खिलाफ़ हाथ उठाएगा उसका हाथ काट दिया जाएगा. इजरायल की सेना ने कहा कि मिसाइल को इज़रायली वायु सेना ने रोक दिया. किसी के घायल होने की सूचना नहीं है. अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से हूती बलों ने बार-बार इज़रायल पर मिसाइल और ड्रोन हमलों का दावा किया है.



# दिल्ली-जयपुर सफर 3 घंटे में

## बंदीकुई-जयपुर एक्सप्रेसवे पर ट्रायल शुरू

**जयपुर, 2 जुलाई. बंदीकुई-जयपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह 8 बजे से ट्रायल रन शुरू हो गया. यह एक्सप्रेसवे दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर को जयपुर से जोड़ता है, जिससे अब दिल्ली से जयपुर का सफर सिर्फ 2.5 से 3 घंटे में पूरा हो सकेगा.**

67 किलोमीटर लंबा यह चार लेन वाला एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे बंदीकुई से जयपुर तक फैला है और इस पर वाहनों को 120 किमी/घंटा की रफ्तार से चलने की अनुमति है. ट्रायल के दौरान यात्रियों से 10 दिनों तक टोल नहीं वसूला जाएगा. निर्माण पर 1,368 करोड़ रुपये की लागत आई है. खुरी इंटरचेंज चालू कर दिया गया है, जिससे मनोहरपुर-कौथून हाईवे से ट्रैफिक सुचारु रहेगा. प्रोजेक्ट डायरेक्टर बी.एस. जोइया ने बताया कि टोल की सभी तैयारियां पूरी हैं, अनुमति मिलते ही वसूली शुरू की जाएगी. एक्सप्रेसवे से बंदीकुई-जयपुर सफर अब केवल 25 से 30 मिनट में तय होगा. प्रस्तावित टोल दरें जयपुर से दिल्ली तक लगभग 680 से 690 रुपये तय की गई हैं. यह हाईवे यात्रियों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करेगा.

**दौरा** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 5 देशों की रणनीतिक यात्रा शुरू

# साउथ देशों के साथ भारत की मित्रता को नया आयाम



**नयी दिल्ली, 2 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अफ्रीकी, कैरेबियाई और दक्षिण अमेरिकी देशों - घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की आठ दिवसीय विदेश यात्रा के पहले चरण में घाना के लिए प्रस्थान किया.**

इस दौरे को वैश्विक दक्षिण के देशों से भारत की भागीदारी को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. यात्रा पर रवाना होने से पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दौरा दक्षिणी गोलार्ध के विकासशील देशों के साथ भारत की मित्रता को नया आयाम देगा. उन्होंने कहा, मेरी यह यात्रा अंध महासागर के दोनों किनारों पर साझेदारी को मजबूत करेगी और ब्रिक्स, अफ्रीकी संघ, इकोवास तथा कैरीकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों के साथ भारत का जुड़ाव और गहरा होगा. घाना में प्रधानमंत्री ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, निवेश और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में नए सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे और वहां की संसद को भी संबोधित करेंगे. 3-4 जुलाई को वे त्रिनिदाद और टोबैगो में रहेंगे, जहाँ वह राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर से मुलाकात करेंगे. उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारतीय प्रवासियों की ऐतिहासिक विरासत को सम्मान देने का अवसर भी होगी. 4 जुलाई को वे अर्जेंटीना जाएंगे, जहां वह राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ कृषि, खनिज, ऊर्जा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को लेकर बातचीत करेंगे. यह यात्रा 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी.

पीएम मोदी 6-7 जुलाई को रियो डी जेनेरियो (ब्राजील) में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और दुनिया के कई नेताओं से अलग-अलग भेंट करेंगे. इसके बाद वे ब्राजील की राजकीय यात्रा पर राजधानी ब्रासीलिया भी जाएंगे. यात्रा का अंतिम चरण नामीबिया रहेगा, जहाँ प्रधानमंत्री नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मुलाकात कर वैश्विक दक्षिण के लिए साझा रणनीति पर चर्चा करेंगे और संसद को संबोधित करेंगे. पीएम मोदी 9 जुलाई को स्वदेश लौटेंगे.

### रेलवे तत्काल टिकट हुये आसान,एजेंटो पर कसी नकेल

**नयी दिल्ली, 02 जुलाई.** भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए नए नियम लागू किए हैं. बुधवार से तत्काल टिकट की ऑनलाइन बुकिंग के लिए आधार नंबर का सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है. अब केवल आधार सत्यापित उपभोक्ता ही रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे. इसके अलावा, 15 जुलाई से पीआरएस काउंटरों और अधिकृत एजेंटों द्वारा की जाने वाली बुकिंग के लिए मोबाइल ओटीपी सत्यापन अनिवार्य होगा. रेलवे ने एजेंटों द्वारा तत्काल टिकटों की थोक बुकिंग पर रोक लगाने के लिए उन्हें बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट तक टिकट बुक करने की अनुमति नहीं दी है. यह प्रतिबंध एसी श्रेणी के लिए सुबह 10 से 10.30 और गैर-एसी के लिए सुबह 11 से 11.30 बजे तक लागू रहेगा.